## महत्वपूर्ण एवं खास

### राजभवन में दीपावली मिलन समारोह आयोजित

**रायपुर (आरएनएस)।** दीपावली पर्व के अवसर पर आज राजभवन में दीपावली मिलन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन, राज्य की प्रथम महिला सुप्रभा हरिचंदन ने राजभवन के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दीपावली की शुभकामनाएं दी। राजभवन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी राज्यपाल को दीपावली की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर राज्यपाल हरिचंदन ने कहा कि दीपावली पर्व एक ऐसा पवित्र दिन जब पाप का विनाश और धर्म की विजय हुई। भगवान राम का वनवास और सीता हरण के बारे में हम सब जानते है। भगवान राम ने रावण को मारकर संसार को उसके आतंक से मुक्त किया और विजयी होकर दीपावली के दिन अयोध्या लौटे थे। यह हमारे लिए अत्यंत शुभ अवसर है। राज्यपाल ने कहा कि भगवान राम, माता सीता और महाप्रभु जगन्नाथ का आशीर्वाद छत्तीसगढ और आप सभी पर बना रहे। राज्यपाल के सचिव अमृत खलखो ने भी अपना संबोधन दिया और सभी को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर राज्यपाल के विधिक सलाहकार आर.के. श्रीवास्तव, राज्यपाल के उप सचिव दीपक कुमार अग्रवाल, राज्यपाल के परिसहाय द्वय विवेक शुक्ला, निशांत कुमार तथा राजभवन के सभी अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### कोरबी पुलिस चैकी के निकट पहुंचा हाथी, पुलिस कर्मियों में मचा हड़कंप

**कोरबा (आरएनएस)।** कटघोरा वन मंडल के कोरबी पुलिस चैकी में तैनात जवान उस समय सख्ते में आ गए जब उन्होने निकट के खेत में एक हाथी को विचरण करते देखा। पुलिस कर्मियों ने इसकी सूचना वन अमले को दी। टीम ने खेत पहुंच कर हाथी को जंगल की ओर खदेड़ा तब पुलिस कर्मियों ने राहत की सांस ली। दूसरों की सुरक्षा करने वाले पुलिस कर्मचारी उस समय असुरक्षित नजर आए जब चैकी के निकट हाथी आ पहुंचा। स्थानीय लोगों ने बताया कि दल से भटक कर हाथी धान की खेत आ पहुंचा था। हाथी को वन कर्मियों के सहयोग से जंगल की ओर भगाया गया। बताना होगा कि जिले के वन क्षेत्र में मानव.हाथी द्वंद चरम पर है। एक ओर जहां हाथियों के हमले में लोगों की जान जा रही है, वहीं दूसरी ओर उससे बचने वन विभाग की ओर से लगातार उपाय बताया जा रहा है। लोगों को सूचित किया जा रहा है कि देर शाम घर से बाहर न निकले।

### जिले में बायोमेट्रिक्स से धान खरीदी प्रारंभ

**गरियाबंद (आरएनएस)।** गरियाबंद जिले के सभी उपार्जन केन्द्रों में धान खरीदी करने हेतु बायोमेट्रिक्स डिवाइस एवम् आयरिस डिवाइस पहुंच गए है। विगत् दिनों जिले के सभी 90 उपार्जन केन्द्रों के कर्मचारियों को विधिवत् इसका प्रशिक्षण दिया गया है। गरियाबंद जिले के ग्राम सोहागपुर उपार्जन केन्द्र के 14 कृषकों के बायोमेट्रिक्स से कुल 576.80 क्विं. धान खरीदी की गई। जिला खाद्य अधिकारी सुधीर चन्द्र गुरू ने बताया कि सोहागपुर उपार्जन केन्द्र में धान बिक्री के लिए आए संतोष कुमार ग्राम हरदी के कृषक ने डिवाइस के माध्यम से खरीदी को अच्छा बताया एवम गोपाल यादव ग्राम हरदी ने इस तरीके से खरीदी को कृषकों के लिए लाभ प्रद बताया। जिला विपणन अधिकारी अमित चन्द्राकर ने जानकारी दी कि आगामी कार्य दिवसों में जिले के सभी 90 उपार्जन केन्द्रों के कृषक अपने बायोमेट्रिक्स के आधार पर ही धान विक्रय कर पाएंगे। साथ ही किसी प्रकार की तकनीकी समस्या आने पर ट्रस्टेड पर्सन का विकल्प मौजूद रहेगा। खाद्य अधिकारी सुधीर चन्द्र गुरू ने बताया कि जिले में धान खरीदी कार्य प्रगति पर है इसमे कृषकों के बायोमेट्रिक से बिकी लागू होने से धान खरीदी में पारदर्शिता आवेगी। साथ ही कृषकों के पहचान में आसानी रहेगी। खाद्य अधिकारी ने बताया कि जिले के सभी उपार्जन केन्द्रों में धान खरीदी जारी है। 08 नवम्बर तक जिले में कुल 5,796 कृषको ने 1,69,358 क्विं. धान विक्रय कर लिया है।

# मतदान दलों के लिए तैयार किया जा रहा मतदान किट

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी ने मंडी परिसर के नवीन भवन में तैयार किए जा रहे मतदान किट का अवलोकन किया।

निर्वाचन भंडार भवन में मतदान दलों के उपयोग हेतु मतदान केंद्र के लिए आवश्यक सभी सामग्री को एक बैग में रखकर मतदान सामग्री किट तैयार किया जा रहा है। मतदान के पूर्व इसका वितरण संबंधित मतदान कर्मी को किया जाएगा।

इस अवसर पर एसपी आशुतोष सिंह,अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश भारद्वाज, डिप्टी कलेक्टर टी आर महेश्वरी, बी एक्का सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

मतदान किट में शामिल सामग्री

मतदान किट में मतदाताओं का सूची रजिस्टर, पीठासीन अधिकारियों के लिए चेकलिस्ट, मतदाता पर्ची, स्वास्थ्य विभाग के लिए सामान्य रोग सर्दी, पेट दर्द, बुखार आदि के प्रदत्त चुनाव दवाई किट, मतदान केंद्र से 100 मीटर की दूरी सूचना, जिला निर्वाचन अधिकारियों की सूची, तंबाकू मुक्त जोन, स्टेशनरी, लिफाफों का बुकलेट, सांविधिक और असांविधिक (Statutory-Non Statutory) पोलिंग मेटेरियल किट शामिल हैं।



### कलेक्टर डॉ सिद्दीकी ने किया मतदान दलों के प्रशिक्षण का निरीक्षण

कलेक्टर डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी ने स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी विद्यालय सारंगढ़ के कुछ कमरों में संचालित मतदान दलों के प्रशिक्षण का निरीक्षण किया। इस अवसर पर कलेक्टर डॉ सिद्दीकी ने कहा कि मंडी परिसर से मतदान सामग्री का वितरण किया जाएगा, जहां से सामग्री संग्रहण कर रोड में खड़ी संबंधित बस से बिलाईगढ़ विधानसभा के लिए प्रस्थान किया जाना है। इसी प्रकार सारंगढ़ विधानसभा के लिए किसान राइस मिल में बस खड़ी रहेंगी, संबंधित मतदान कर्मी उससे प्रस्थान करेंगे। डॉ सिद्दीकी ने गंभीरता से निर्वाचन कार्य को पूरा करने के लिए सभी को संबोधित किया और निर्वाचन कार्य करने के लिए उत्साहित किया।इस अवसर पर अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी बीईओ बरमकेला नरेश चौहान उपस्थित थे।

## कमीशनिंग के बाद हुए मॉक टेस्ट पर्ची को करवाया गया नष्ट



**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** विधानसभा निर्वाचन अंतर्गत डिप्टी कलेक्टर टी आर महेश्वरी ने 08 नवम्बर को दोनो विधानसभा सारंगढ़ और बिलाईगढ़ के वोटिंग मशीनों से मॉक टेस्ट किए गए पर्ची को, सामने बैठकर कर्मचारियों के साथ सहयोग प्रदान करते हुए नष्ट करवाया। उल्लेखनीय है कि 7 और 8 नवम्बर को जिले के वोटिंग मशीनों में इंस्टाल किए गए चुनाव चिन्ह (कमीशनिंग कार्य) के बाद उन मशीनों में से निर्वाचन नियमों के तहत चयनित किए गए प्रत्येक वोटिंग मशीन से सभी चुनाव चिन्ह को दबाकर कुल एक हजार प्रति मॉक टेस्ट किया गया है, उनको नष्ट किया गया।

# हैवी ब्लास्टिंग से भरभरा कर गिरा स्कूल का छज्जा

**कोरबा (आरएनएस)।** खदान में लगातार हो रही हैवी ब्लास्टिंग की वजह से आसपास निवासरत ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विरोध के बाद भी एसईसीएल द्वारा हैवी ब्लास्टिंग बंद नहीं की जा रही है। पुन: हैवी ब्लास्टिंग होने से हायर सेकेंड्री स्कूल की छत का प्लास्टर टूट कर नीचे गया। घटना के वक्त कक्षा में कोई नहीं था, इससे अप्रिय हादसा टल गया।

साऊथ ईस्टर्न कोलफिल्डस लिमिटेड एसईसीएल की गेवरा खदान से 50 मीटर की दूरी पर शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल संचालित है। दोपहर के वक्त खदान में हैवी ब्लास्टिंग किया गया। इससे उत्पन्न कंपन से स्कूल के छत के प्लास्टर का बड़ा हिस्सा टूटकर नीचे गिर गया। घटना को लेकर बच्चों, शिक्षकों व स्टाफ में भय का माहौल व्याप्त है। बताया जा है कि दोपहर को दो बजे के स्कूल के ठीक पीछे एक साथ कई होल में बारूद भरकर एक साथ ब्लास्टिंग किया गयाए इससे स्कूल के छत का प्लास्टर भरभरा कर गिर गया। घटना की जानकारी मिलने पर गेवरा के कुछ अधिकारी स्कूल पहुंचे और निरीक्षण किए। इस दौरान प्राचार्य, स्टाफ व विद्यार्थियों ने हैवी ब्लास्टिंग बंद करने की मांग की। बताया जा रहा है कि गेवरा के महाप्रबंधक माइनिंग स्कूल का समय बदलने की बात कही, इस पर स्कूल प्रबंधन ने असमर्थता जताई। वहीं स्कूल के छात्र. छात्राओं का कहना है कि यदि एसईसीएल गेवरा प्रबंधन स्कूल के पीछे खदान में हैवी ब्लास्टिंग को बंद नहीं करता है तो खदान में उतरकर काम को बंद कराएंगे। प्राचार्य ने रजिस्टर में बैठक विवरण में महाप्रबंधक माइनिंग ने रजिस्टर में लिखे विद्यालय समय में ब्लास्टिंग नहीं करने से इंकार किया। गेवरा के महाप्रबंधक माइनिंग अशोक का कहना है कि स्कूल से खदान की दूरी बहुत ही कम है। स्कूल प्रबंधन अपने बच्चों के स्कूल समय का बदलाव कर लें। हैवी ब्लास्टिंग को कम कराने के संबंध में अधिकारियों से चर्चा करेंगे। मशीन लगा कर ब्लास्टिंग की तीव्रता को नापते हैं। स्कूल को कहीं अन्य स्थल पर शिफ्ट कराएं। नौ माह में नए जगह नई बिल्डिंग बन जाएगी वहीं स्कूल को संचालित कराएं। इसके साथ ही अभी स्कूल का समय सुबह आठ से दो बजे तक संचालित कराएं।

खदान में लगातार हो रही हैवी ब्लास्टिंग की वजह से स्कूल का भवन कमजोर हो चुका है और कभी भी गंभीर घटना होने से इंकार नहीं किया जा सकता है। हैवी ब्लास्टिंग होने से खदान से पत्थर भी उछल कर स्कूल परिसर तक पहुंच रहे हैं। वहीं स्कूल के खिडक़ी के शीशे भी टूट कर चकना चूर हो गए हैंए बाउंड्रीवाल टूट चुकी है। ब्लास्टिंग के बाद उडऩे वाली कोयलाए राखड़ के धूल से पूरा स्कूल परिसर पट जाता है। बच्चे जब स्कूल पहुंचे हैं तो पूरा कक्षा धूल से भरा रहता है और उन्हें धूल को साफ कर बैठना पड़ता है। हैवी ब्लास्टिंग को कम करने व स्कूल की दीवारए बिल्डिंग जर्जर होने, प्लास्टर गिरने की शिकायत स्कूल के प्राचार्य जीपी जाटवर ने अपने उच्च अधिकारियों व एसईसीएल गेवरा प्रबंधन से किया है, फिर भी आज तक इस समस्या से मुक्ति नहीं मिल सकी है। एसईसीएल गेवरा प्रबंधन को पत्र लिखने पर एक.दो अधिकारी स्कूल आकर ब्लास्टिंग कम करने का आश्वासन देकर चले जाते हैं।

## रायपुर रेलवे स्टेशन से पकड़ाया 2.40 लाख का गांजा

**रायपुर (आरएनएस)।** सेटलमेंट पोस्ट की आरपीएफ ने रायपुर रेलवे स्टेशन से करीब 2.40 लाख रूपए का गांजा पकड़ा है. आरपीएफ ने एक आरोपी को भी गिरफ्तार किया है. जानकारी के मुताबिक विधानसभा चुनाव के मद्देनजर रेलवे रेसुब सेटलमेंट पोस्ट रायपुर के उप निरीक्षक एके चौरसिया, आरक्षक बीएस ठाकुर समेत अन्य रेलवे स्टेशन रायपुर के प्लेटफार्म नंबर 02/03 के बिलासपुर छोर फुट ओवर ब्रीज के नीचे पोल नं.

05 के पास एक व्यक्ति को अपने साथ रखे मेहरून रंग एवं बैगनी रंग के ट्राली बैग के साथ संदिग्ध अवस्था में पकड़ा. पूछताछ करने पर अपना नाम व पता आमिर पिता-इस्माईल, उम्र-22 वर्ष, साकिन-नई बस्ती मोहल्ला उपरौस कसबा मौदहा, थाना-मौदहा, जिला-हमीरपुर (उ.प्र.) बताया. तब उससे पूछताछ करने पर उसने दोनो ट्रोली बैग में मादक पदार्थ गांजा होना बताया. ट्राली बैग में रखे 2 पैकेटों का कुल वजन 12 किग्रा. अनुमानित कीमत् रू. 2,40,000/- (दो लाख चालीस हजार रूपये मात्र) का मादक पदार्थ गांजा पाया गया. जिसके संबंध में उपरोक्त व्यक्ति से पूछताछ करने पर उक्त गांजा को खरियार रोड रेलवे स्टेशन से रायपुर तक ले आना बताया. आरपीएफ ने जी आरपी रायपुर को आरोपी और जब्त गांजा सुपुर्द किया।

## सामान्य प्रेक्षक तापस राय और राजनीतिक दलों के समक्ष किया गया स्ट्रांग रूम सील

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** कलेक्टोरेट सभाकक्ष में 08 नवंबर को हुए प्रथम रेण्डमाईजेशन (पूरक) के वोटिंग मशीनों की सीरीज को विधिवत रिजर्व में सारंगढ़ विधानसभा के सामान्य प्रेक्षक तापस राय और राजनीतिक दलों के प्रत्याशी और प्रतिनिधियों के समक्ष रिटर्निंग अधिकारी मोनिका वर्मा ने स्ट्रांग रूम में रखवाया और ताला बंद करवाकर सील करवाया।



सामान्य प्रेक्षक तापस राय ने स्ट्रांग रूम के बाहर ड्यूटी कर रहे सीआईएसएफ जवान को कहा अब सुरक्षा का जिम्मा आपका। जवान ने पूरे विश्वास से कहा, सभी सुरक्षित रहेगा।

इसी प्रकार बिलाईगढ़ विधानसभा के रिटर्निंग अधिकारी डॉ स्निग्धा तिवारी ने भी रिजर्व मशीनों को राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के समक्ष स्ट्रांग रूम में रखवाया और ताला बंद करवाकर सील करवाया। इस अवसर पर एनआईसी के तकनीकी सहायक और भारत निर्वाचन आयोग से अधिकृत इंजीनियर उपस्थित थे।

## पेड न्यूज़ के मामले को लेकर दो प्रत्याशी को नोटिस जारी

**❑ अनेक वेबपोर्टल न्यूज़ और समाचार पत्र के खबरों पर की गई है कार्यवाही**

**कोरबा (आरएनएस)।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा पैडन्यूज़ को लेकर दिए गए आवश्यक दिशा निर्देश के तहत विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत कोरबा जिले में मीडिया अनुप्रमाणन और मीडिया अनुवीक्षण समिति का गठन किया गया है। इसी के साथ ही आचार सहिंता लागू होने के साथ ही जिले में सभी समाचार पत्रों, वेबपोर्टल न्यूज़, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया न्यूज़ चैनल, फेसबुक, एक्स (ट्विटर), इंस्टाग्राम आदि पर पैड न्यूज, भ्रामक समाचार, फेक न्यूज पर हर पल नजर रखने और रिपोर्ट तैयार करने 50 से अधिक सदस्यों की टीम तैनात की गई है।

इसी कड़ी में टीम द्वारा किसी विशेष प्रत्याशियों के पक्ष में माहौल तैयार कर उसे आम जनमानस में मीडिया के माध्यम से प्रस्तुत करने और निर्वाचन को प्रभावित करने के मामलों पर संज्ञान लिया जा रहा है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ कुमार की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा वेबपोर्टल न्यूज़, समाचार पत्रों में प्रकाशित पैडन्यूज़, भ्रामक समाचार पर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने प्रकरण आगे प्रेषित किए जा रहे हैं। इस मामले में सम्बंधित को नोटिस जारी करने के साथ ही आगे की कार्यवाही की जा रही है। पैड न्यूज को लेकर लिये गये निर्णयानुसार संबंधित रिटर्निंग अधिकारी ने उम्मीदवारों को नोटिस जारी कर जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं अन्यथा समाचारों के प्रकाशन को पैड न्यूज के रूप में मान्य करते हुए प्रकाशन पर व्यय की राशि व्यक्तिगत निर्वाचन व्यय में शामिल करने की बात कही गई है। पैड न्यूज के मामले में कोरबा विधानसभा-21 के प्रत्याशी जयसिंह अग्रवाल-इंडियन नेशनल कांग्रेस, लखनलाल देवांगन-भारतीय जनता पार्टी को रिटर्निंग अधिकारी ने नोटिस जारी किया है।

नोटिस में उल्लेख है कि एमसीएमसी द्वारा संदिग्ध पेड न्यूज के रूप में चिन्हांकन भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा निर्वाचन-2023 के तारतम्य में जारी निर्देशों की अवहेलना की श्रेणी में है। इस संबंध में अपना जवाब 11 नवंबर 2023 तक कार्यालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी कोरबा के कक्ष क्रमांक-13 (भू-तल)में प्रस्तुत करें।

## जिले के चारों विधानसभा क्षेत्र के 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता और 80 वर्ष से अधिक आयु के 350 मतदाता आज करेंगे मतदान

**❑ मतदान दलों को आज दिया गया प्रशिक्षण**

**महासमुंद (आरएनएस)।** भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ के दिशा-निर्देशों के अनुसार विधानसभा आम निर्वाचन 2023 में 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग और 80 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग मतदाताओं को इस बार घर बैठे मतदान कराने की सुविधा प्रदान की गई है। जिले के 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग और अस्सी वर्ष से अधिक बुजुर्ग कुल 350 मतदाताओं ने घर बैठे मतदान कराने के लिए बीएलओ के माध्यम से सहमति दी है। विधानसभा क्षेत्र महासमुंद-42, खल्लारी-41, बसना-40 और विधानसभा क्षेत्र सरायपाली-39 के ऐसे दिव्यांग और बुजुर्ग मतदाताओं के लिए मतदान का दिवस 10 नवम्बर और छूटे हुए मतदाताओं के लिए 11 नवम्बर 2023 निर्धारित की गई है। मतदान का समय सुबह 8 बजे शाम 5 बजे निर्धारित है।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक के निर्देश पर जिले में 80 वर्ष से अधिक आयु के मतदाता, दिव्यांग मतदाता, कोविड-19, अनिवार्य सेवा श्रेणी के अंतर्गत प्रारूप - 12 घ में आवेदन करने वाले अनुपस्थित श्रेणी के मतदाताओं को मतदान कराने हेतु गठित दल के पीठासीन अधिकारी व मतदान अधिकारी एवं कर्मचारियों को आज वन रक्षक प्रशिक्षक शाला में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर रोहन देवांगन ने होम वोटिंग के लिए गठित दल के अधिकारी कर्मचारियों को विभिन्न प्रपत्रों को भरने एवं उपयोगिता के बारे में बताते हुए होम वोटिंग की पूरी प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने सभी मतदान दल के अधिकारियों को मतदान की गोपनीयता बनाए रखने कहा।

मास्टर ट्रेनर ने बताया कि चारों विधानसभा क्षेत्र के दिव्यांग एवं अस्सी वर्ष से अधिक बुजुर्ग मतदाताओं के होम वोटिंग के लिए रूट चार्ट तैयार कर लिया गया है। महासमुंद-42 के लिए 04 रूट, खल्लारी-41 के लिए 12 रूट, बसना-40 के लिए 13 रूट व सरायपाली-39 के लिए 12 रूट निर्धारित किए गए है। होम वोटिंग कराने मतदान दल का पहला भ्रमण 10 नवंबर 2023 को होगा।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी साकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

## होटलों, मिष्ठान एवं किराना दुकानों का खाद्य विभाग ने किया निरीक्षण

**❑ अमानक खाद्य पदार्थों के लिए 13 प्रतिष्ठानों को दिया गया नोटिस**

**दंतेवाड़ा (आरएनएस)।** कार्यालय खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा जारी विज्ञप्ति अनुसार आगामी दीपावली त्यौहार के दृष्टिगत कलेक्टर विनीत नंदनवार के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर द्वारा आदेश के तहत मुख्यालय सहित सभी ब्लॉकों के होटलों, मिष्ठान एवं किराना दुकानों का खाद्य एवं औषधि विभाग द्वारा गहन निरीक्षण एवं दबिश देकर कार्यवाही की गयी। साथ ही विभिन्न खाद्य पदार्थों का नमूना जांच हेतु लिया गया,

इस दौरान जिले अंतर्गत समस्त मिठाई की दुकानों एवं किराना दुकानों तथा विभिन्न खाद्य विनिर्माता प्रतिष्ठानों निरीक्षण के दौरान खुली मिठाई के ट्रे पर निर्माण एवं एक्सपायरी तिथि अनिवार्यत: उल्लेख करने सभी को निर्देश दिया गया। इस दौरान जिले के विभिन्न स्थानों गीदम, दन्तेवाड़ा. बचेली, किरन्दुल, बारसूर, नकुलनार आदि क्षेत्रों के खाद्य परिसरों का भी आकस्मिक निरीक्षण किया गया। एवं चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला द्वारा खाद्य प्रतिष्ठानों से खाद्य सैंपल जैसे मिठाईयां, पनीर, दूध, दही, नमकीन, आटा, बेसन, मैदा, सूजी, आदि का नमूना जांच हेतु लिया गया। इस दौरान चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला के द्वारा कुल 45 सैंपल विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों से लिया गया और जो भी खाद्य पदार्थ अमानक एवं उपयोग के अनुकूल नहीं पाया गया। उन्हें तुरंत नष्ट किया गया साथ ही संबंधित व्यापारी को नोटिस जारी करते हुए चेतावनी भी दी गई कि गलती दुबारा पाये जाने पर लाइसेंस निलंबित करने की कार्यवाही भी की जावेगी। इस मौके पर 03 व्यापारियों को खुली मिठाई के ट्रे पर निर्माण एवं एक्सपायरी तिथि उल्लेख ना करने पर तत्काल नोटिस जारी कर सुधार हेतु निर्देशित किया गया।

ज्ञात हो कि इस दौरान विभिन्न व्यापारियों को कुल 13 नोटिस जारी किया गया। इनमें नमूना परीक्षण हेतु पूनम होटल किरंदुल से छेना टोस्ट, शिवम होटल किरंदुल से रसगुल्ला, जे.एम.डी. स्वीट्स से पेड़ा, राजस्थान बीकानेर से मलाई पेड़ा, बाबा होटल से खोवा, लखन होटल से बर्फी, पवन स्वीट्स एण्ड नमकीन से बर्फी, राजस्थान स्वीट्स से बेसन लड्डू देवभोग स्वीट्स, गुप्ता स्वीट्स, अम्बे बीकानेर से लड्डू कलाकंद बर्फी, रसगुल्ला, मलाई पेड़ा, काजू कतली जैसी मिठाईयों का नमूना परीक्षण हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला रायपुर भी भेजा गया, जांच उपरांत प्राप्त रिपोर्ट अनुसार नमूना जांच में यदि अमानक पाया जाएगा तो नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी एवं प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा। इस कार्यवाही के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी जिला दंतेवाड़ा सुस्मित देवांगन, नमूना सहायक प्रशांत सलाम एवं चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला के स्टॉफ लैब टेक्निशियन की टीम उपस्थित रहे। विभाग द्वारा उपभोक्ताओं से अपील भी की गई है कि बाजार में बिकने वाले खुले व अमानक खाद्य सामग्री का उपयोग करने से बचें।